राष्ट्रपति को राज्यपाल की बधाई

जयपुर, 01 अक्टूबर। राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद को राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जन्म दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल श्री मिश्र ने राष्ट्रपति श्री कोविंद को उनके 74वें जन्म दिवस पर गुलाब के 74 पुष्पों का पुष्पगुच्छ और शुभकामना संदेश भेजा है। राज्यपाल श्री मिश्र ने राष्ट्रपति को भेजे संदेश में कहा है कि '' आपके नेतृत्व में राष्ट्र का चहुंमुखी विकास हो रहा है। भारत विकास की ओर निरन्तर आगे बढ़ता रहे। आपके सुदीर्घ एवं स्वस्थ जीवन के लिए मेरी हार्दिक बधाई और शुभकामना। ''

महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती

राजभवन में 150 पौधे लगाये जायेंगे

जयपुर, 01 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र बुधवार 2 अक्टूबर को राजभवन परिसर में खेजड़ी का पौधा लगायेंगे। राज्यपाल श्री मिश्र पौधा लगाकर गांधी जी की 150 वीं जयन्ती पर राजभवन में 150 पौधे लगाने के अभियान की शुरूआत करेंगे। प्रातः 08.00 बजे राजभवन में होने वाले इस समारोह में राजभवन के अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

गांधी जयंती पर आकाशवाणी पर राज्यपाल की भेंटवार्ता

जयपुर, 01 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की गांधी चिंतन पर एक भेंटवार्ता 2 अक्टूबर को प्रातः 7.05 बजे पर आकाशवाणी के सभी केन्द्रों और एफएम 101.2 मेगा हर्टज पर प्रसारित होगी। राज्यपाल श्री मिश्र की भेंटवार्ता महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती पर प्रसारित की जा रही है।
'' गांधी चिंतन–आज के परिप्रेक्ष्य में '' विषय पर राज्यपाल श्री मिश्र ने गांधी जी के विचारों की वर्तमान में प्रांसागिकता को प्रतिपादित किया है। राज्यपाल श्री मिश्र ने गांधी के चिंतन, महात्मा गांधी की स्वाधीनता आंदोलन में विशिष्ट छवि, विज्ञान के आधुनिक युग में गांधी जी की प्रांसगिकता और वैश्वीकरण के युग में गांधी ग्राम स्वराज की अवधारणा को विस्तार से बताया है।

सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढें

– राज्यपाल

जयपुर, 01 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गांधी जयन्ती के अवसर पर प्रदेशवासियों को अपने संदेश में कहा है कि ''महात्मा गांधी ने न्याय, करूणा, प्रेम, सत्य और अहिंसा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। हमे गांधी जी के आदर्शो को जीवन में उतार कर ऐसे भारत के निर्माण में भागीदारी निभानी हैं, जो समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चले।''

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहा. निदेशक, (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान